कुल पृष्ठों की संख्या : 04

नामांक [ ][ ][ ][ ]

कुल प्रश्नों की संख्या : 20

AR

समय : 3.15 घंटे

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23

## कक्षा—12

पूर्णांक : 70

## विषय—हिन्दी अनिवार्य

नोट :
1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

### खण्ड – क

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

स्वतन्त्रता का मर्म समता हैं विषमता से स्वतन्त्रता भंग हो जाती है। बाह्यरूपों की समता चाहे संभव न हो, किन्तु आन्तरिक भाव की समता स्वतन्त्रता का आधार है। सभ्यता और संस्कृति के वृक्ष और लताएँ भी समता के मार्ग में ही शोभित होती है। समता का मूल तत्व यही है कि बाह्य विषमता होते हुए भी मनुष्य की दृष्टि में सब समान है। मनुष्यता के भावों का सम्बन्ध बाह्य-विषमताओं से संकुचित नहीं होता। मनुष्यता की दृष्टि से कोई भी मनुष्य दूसरे मनुष्य से श्रेष्ठ नहीं है। मानवीय और नैतिक गुणों का उत्कर्ष भी इस मानवीय समता को खण्डित नहीं कर सकता। नवीनता, सक्रियता, स्वतन्त्रता आदि के अतिरिक्त समता मानवीय उल्लास का मूल स्रोत है।

(क) समता का मूल तत्व क्या माना जाता है? 1

(ख) आन्तरिक भाव की समता किसका आधार है? 1

(ग) सभ्यता और संस्कृति किससे शोभित होती है? 1

(घ) 'उल्लास' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग-प्रत्यय बताइए। 1

(ङ.) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। 5

हार कर क्यों शीश अपना मैं झुका दूँ
मैं सफलता का अटल विश्वास हूँ
पास क्षण भर रूक न पायेगी निराशा
मैं न धरती पर किसी का दास हूँ
झूठ आकर द्वार मेरे क्या करेगा
सत्य का आह्वान जिन्दा है अभी !
बोल सुन परिवर्तनों के दहल जाए
वक्ष मेरा क्षणी ऐसा नहीं है

पथ- विमुखता नाग दंशों से न होती
अर्चना निज ध्येय की अब भी वही है
मृत्यु आकर द्वार मेरे क्या करेगी
सांस का सामान जिंदा है अभी।

(क) कवि हार के सामने सिर क्यों नहीं झुकाना चाहता ? 1

(ख) ''सत्य के आह्वान'' से कवि का क्या आशय है ? 1

(ग) कवि ने अपने वक्ष को कैसा बताया है ? 1

(घ) पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(ङ.) 'मृत्यु' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1

## खण्ड – ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए :-

3. भाषा की परिभाषा दीजिए। भाषा और लिपि में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

4. कनक कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय। 2
वा पाये बौराय जग, या खाये बौराय।।
उपरोक्त दोहे में कौनसा अलंकार है और क्यों ?

5. निम्नांकित शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए। 1
(क) Act (ख) Bribe

6. ''चमेली का पुष्प श्वेत वर्षा का सुगन्धित पुष्प है।'' 1
उपर्युक्त वाक्य किस शब्द शक्ति का है ? स्पष्ट करें।

7. स्वयं को शासन सचिव, शिक्षा विभाग, रवि कुमार मानते हुए राज्य के समस्त संस्था प्रधानों को 'गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा' की सुनिश्चितता हेतु एक अर्द्ध शासकीय पत्र का प्रारूप लिखिए। 3

अथवा

संस्था प्रधान की ओर से पुलिस अधीक्षक, यातायात को एक उचित प्रारूप में पत्र लिखिए जिसमें अपने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षु अनुज्ञप्ति-पत्र शिविर (लर्निंग लाइसेंस कैम्प) लगाने का अनुरोध किया गया हो।

8. समाचार लेखन और छह ककारों का सम्बन्ध बताइए। 1½

9. मुद्रित माध्यम की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ? 1½

10. निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए। 2
(क) कटते जंगल घटते मंगल।
(ख) भारत में किसानों की दुरवस्था।

11. निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए। 6

(ख) वर्तमान समय में नैतिक शिक्षा का महत्व

(ग) पर्यावरण संरक्षण और युवा

(घ) शिक्षित नारी : सुख समृद्धकारी

## खण्ड-ग

12. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

(उत्तर सीमा लगभग 80 शब्द)

छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अन्धड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।
कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष;
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

अथवा

प्रातः नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चॉक
मल दी हो किसी ने।

13. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

चैप्लिन का भारत में महत्व यह है कि वह ''अंग्रेजों जैसे'' व्यक्तियों पर हँसने का अवसर देते हैं। चार्ली स्वयं पर सबसे ज्यादा तब हँसता है जब वह स्वयं को गर्वोन्मत्त, आत्मविश्वास से लबरेज, सफलता, सभ्यता, संस्कृति तथा समृद्धि की प्रतिमूर्ति, दूसरों से ज्यादा शक्तिशाली तथा श्रेष्ठ, अपने ''वज्रादपि कठोराणि'' अथवा ''मृदनि कुसुमादपि'' क्षण में दिखलाता हैं तब यह समझिए कि कुछ ऐसा हुआ ही चाहता है कि यह सारी गरिमा सूई-चुभे गुब्बारे जैसी फुस्स हो उठेगी।

अथवा

कुछ देर जीजी चुप, फिर मठरी मेरे मुँह में डालती हुई बोली, ''देख बिना त्याग के दान नहीं होता। अगर तेरे पास लाखों-करोड़ों रुपये हैं और उसमें से तू दो-चार रुपये किसी को दे दे तो यह क्या त्याग हुआ। त्याग तो वह होता है कि जो चीज तेरे पास भी कम है,

जिसकी तुझको भी जरूरत है तो अपनी जरूरत पीछे रख कर दूसरे के कल्याण के लिए वह उसे दे दो तो त्याग वह होता है, दान तो वह होता है, उसी का फल मिलता है।''

14. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कवि ने किस तरह के बाजारीकरण को प्रस्तुत किया है और कैसे ? स्पष्ट कीजिए। ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द ) 5

अथवा

'बादल राग' कविता में निराला ने किस वर्ग के प्रति व्यंजनापूर्ण भावाभिव्यक्ति का चित्रण किया है ? स्पष्ट कीजिए। ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द )

15. आधुनिक युग में जाति–प्रथा किस प्रकार व्यक्ति के क्रमिक विकास को अवरूद्ध करती है ? विस्तार से स्पष्ट कीजिए। ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द ) 5

अथवा

शिरीष की तुलना गाँधी जी से करते हुए स्पष्ट कीजिए कि शिरीष को अवधूत क्यों माना गया है ? ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द )

16. 'लाहौर अभीतक उनका वतन है' और 'देहली मेरा' या 'मेरा वतन ढाका है' जैसे उद्‌गार किस सामाजिक यथार्थ का संकेत करते हैं ? ( उत्तर–सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

17. 'सबसे तेज़ बौछारें गयीं, भादो गया' के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है, उसका वर्णन अपने शब्दों में करें। ( उत्तर–सीमा लगभग 40 शब्द ) 3

18. कवि हरिवंशराय बच्चन अथवा साहित्यकार आलोक धन्वा का साहित्यिक परिचय दीजिए। ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द ) 4

## खण्ड – घ

19. ''आधुनिकता की ओर बढ़ता हमारा समाज एक ओर कई नयी उपलब्धियों को समेटे हुए है तो दूसरी ओर मनुष्य बनाए रखने वाले मूल्य कहीं घिते चले गए हैं।''' 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द ) 5

अथवा

'जूझ' आत्म–कथा के आधार पर लेखक के चरित्र की विशेषताएँ बताइये। ( उत्तर–सीमा लगभग 80 शब्द )

20. निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा ( लगभग 20 से 30 शब्द ) में दीजिए।

( क ) दुनियाँ के दो सबसे पुराने नियोजित शहर कौन–से माने जाते है।? 1

( ख ) ऐन फ्रैंक ने अपनी चिट्ठियों में किसे सम्बोधित किया है ? 1

( ग ) 'जूझ' पाठ में लेखक के पिता ने लेखक की पढ़ाई क्यों छुड़वा दी ? 1

( घ ) यशोधर बाबू को अपनी पत्नी की कौनसी बात पसंद नहीं थी ? 1

( ङ. ) सिल्वर वैडिंग कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 1